


## एक नजर में



### साहिल मेदावाला ने कर्मचारी से मांगी माफी

**उज्जैन ।** पिछले 6 दिनों से कर्मचारी संघों द्वारा नगर निगम गेट पर शिल्पज्ञ विभाग के कर्मचारी के साथ सिंहस्थ प्रकोष्ठ के प्र. कार्यपालन यंत्री द्वारा गाली-गलोच एवं अभद्रता के लिये आंदोलन किया जा रहा है। 15 जुलाई दोपहर में 1.30 बजे विरोध प्रदर्शन के 6टे दिन भी साहिल मेदावाला के खिलाफ नारेबाजी की गई। शाम को अपर आयुक्त ने अपने कक्ष में बैठक आयोजित की। जिसमें कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों और अधिकारियों के सामने सहायक यंत्री साहिल मेदावाला ने शिल्पज्ञ विभाग के लिपिक शैलू धंधोरिया और प्र. कार्यालय अधीक्षक सुधीर भारती से माफी मांगी गई और भविष्य में अभद्रता एवं गाली-गलोच नहीं करने का विश्वास दिलाया। इसके पूर्व निगम गेट पर भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध स्वायत्तशासी कर्मचारी संघ, सफाई कामगार संघ एवं सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ के संरक्षक रामचंद्र कोरट, सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ अध्यक्ष डॉ. पवन व्यास, रमेशचंद्र निगम, मनसुख मेहरवाल, स्वायत्तशासी कर्मचारी संघ अध्यक्ष रमेशचंद्र रघुवंशी, नितिन मुसले, सफाई कामगार संघ अध्यक्ष चंदगीराम पहलवान, संदीप कलोसिया आदि ने कर्मचारियों को संबोधित किया और कहा कि सभी कर्मचारी हमेशा संगठित रहेंगे तो ऐसी घटनाओं को रोका जा सकेगा। इसलिए जब भी आंदोलन हो तो अधिक से अधिक संख्या में कर्मचारी एकत्रित हों। शाम को अपर आयुक्त पवन कुमार सिंह के कक्ष में संरक्षक रामचंद्र कोरट के नेतृत्व में कर्मचारी संघों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें उपायुक्त संजेश गुप्ता, मनोज मौर्य, योगेन्द्रसिंह पटेल भी उपस्थित थे। जहां अधिकारियों एवं कर्मचारी संघ के हस्तक्षेप से सहायक यंत्री साहिल मेदावाला ने शिल्पज्ञ विभाग के लिपिक शैलू धंधोरिया और प्र. कार्यालय अधीक्षक सुधीर भारती से माफी मांगी गई। अपर आयुक्त श्री सिंह ने निर्देश दिये कि समस्त विभागीय अधिकारियों को आदेश जारी करें कि भविष्य में भी अधिकारी कर्मचारियों से अभद्रता नहीं करें। `बुधवार को निगम गेट पर दोपहर 1 बजे कर्मचारी संघ और अधिकारियों के बीच हुई बातचीत के बारे में जानकारी दी जावेगी। इसलिए कर्मचारी अधिक से अधिक संख्या में दोपहर 1 बजे निगम गेट पर उपस्थित रहने की अपील कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों द्वारा की गई है।



### बच्चों ने किये 15 लाख ओम नम: शिवाय जाप

**उज्जैन ।** मक्सी रोड स्थित ज्ञान वर्षा इंटरनेशनल स्कूल में ओम नम: शिवाय जाप समिति द्वारा जाप कराये गये। जिसमें स्कूल के सभी बच्चों ने ध्यान मगन होकर ओम नम: शिवाय के करीब 15 लाख जाप किये। संयोजक हरिसिंह यादव एवं रवि राय ने बताया कि स्कूल के संचालक कैलाश पाटीदार, मुकेश पाटीदार की उपस्थिति में बाल योगी उमेशनाथजी महाराज के सानिध्य में करीब 2 घंटे तक ओम नम: शिवाय जाप किये। संगीत की धुन पर बच्चों ने मन लगाकर बड़े उत्साह से जाप किये। स्वामीजी ने अपने संबोधन में जाप की महिमा समझाते हुए कहा कि देव शयनी ग्यारस से भगवान विष्णु शयन पर जाते हैं और समस्त सत्ता शिवजी को सोपते हैं। शिवजी को ओम नम: शिवाय का जाप अत्यधिक पसंद है जिससे वह प्रसन्न होते हैं। जाप से बुद्धि का विकास होता है, मन को अपार शांति प्राप्त होती है। ज्ञान वर्षा स्कूल परिवार ने स्वामीजी का सम्मान किया व समिति का आभार माना और प्रतिवर्ष ओम नम: शिवाय जाप करने का संकल्प लिया।




### भारतीय जैन संगठना ने भेजे रक्षा सूत्र

**उज्जैन ।** मातृभूमि की रक्षा में समर्पित सैनिकों के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए भारतीय जैन संगठना ने सैनिक भाईयों के लिए रक्षा सूत्र भेजे। भारतीय जैन संगठना अध्यक्ष मनीषा ओरा ने बताया कि वीर सैनिकों की कलाईयों पर बांधने हेतु राखियां ममता सांगते के माध्यम से प्रेषित की। राष्ट्रभक्ति, संस्कृति और अपनेपन की भावना के सशक्त संगम इस आयोजन में भारतीय जैन संगठन के सभी सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने सेवा, संस्कार और संवेदनशीलता की इस श्रृंखला को आगे भी निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया गया।



### पॉलीथिन का विक्रय करने वालों पर कार्रवाई

**उज्जैन ।** नगर निगम स्वास्थ्य अमले द्वारा शहर में लगातार सर्चिंग करते हुए जिन व्यापारियों के द्वारा प्रतिबंधित पॉलीथिन रखने एवं क्रय, विक्रय करने का कार्य किया जा रहा है ऐसे संबंधित व्यापारियों पर चालानी कार्रवाई एवं माल जब्त करने की कार्रवाई की जा रही है। जिसके क्रम में सोमवार को आयुक्त आशीष पाठक के निर्देशानुसार उपायुक्त संजेश गुप्ता के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य अधिकारी हरीश व्यास, स्वास्थ्य निरीक्षक मुकेश भाटी ने फव्वारा चौक स्थित डिस्पोजल रखने वाले व्यापारियों के प्रतिष्ठानों पर जांच की गई। जिसमें पाया गया कि 6 व्यवसाईयों द्वारा प्रतिबंधित पॉलीथिन का क्रय विक्रय किया जा रहा है। जिसके क्रम में 3 क्विंटल से अधिक पॉलीथिन एवं डिपोजल जब्त की जाकर व्यवसाईयों पर 12 हजार का जुर्माना किया गया। चालानी कार्रवाई गोकुल चौराहा स्थित राहुल यादव, फव्वारा चौक स्थित विष्णु कुमार, रवि कुमार, अमरदीप, गोपाल ट्रेडर्स, संस्कार डिस्पोजल पर दो-दो हजार का जुर्माना लगाया गया।

### 15 तक समग्र आईडी को आधार से लिंक करवाएं

**उज्जैन ।** 15 अगस्त तक समग्र आईडी को आधार से लिंक करवाया जाना है अत: नागरिक अपने निकटतम एमपी ऑनलाइन केंद्र, सीएससी केंद्र पर समग्र आईडी से आधार को लिंक कराएं अथवा स्वयं समग्र पोर्टल पर कर ई केवाईसी हेतु अनुरोध दर्ज कर सकते हैं। परिवार आईडी में समग्र से आधार ईकेवाईसी ना होने की दशा में शासन द्वारा संचालित समस्त विभागीय योजनाओं, सेवाओं का लाभ नहीं मिलेगा एवं समग्र आईडी बिलोपित हो जाएगी। असुविधा से बचने के लिए शीघ्र ही निकटतम केंद्र पर जाकर समग्र मालब कराएं। समग्र को आधार से लिंक कराए जाने हेतु नगर निगम द्वारा वार्ड वार दल बनाते हुए कर्मचारियों को समस्त 54 वार्डों के अंतर्गत लगाया गया है जो कि घर-घर जाकर आधार लिंक करने का कार्य कर रहे हैं इसी के साथ ई रिक्शा, होर्डिंग, समाचार पत्र के माध्यम से भी व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा है इसी के साथ हितग्राही अपने मोबाइल से स्वयं भी समग्र को आधार से लिंक कर सकते हैं।

# आयुर्वेदिक महाविद्यालय में शोध कार्य होगा, मानदेय बढ़ाएंगे, नई मशीन खरीदी जाएगी

## संभागायुक्त की अध्यक्षता में धन्वन्तरि आयुर्वेद की बैठक संपन्न, कलेक्टर भी पहुंचे, गुप्ता का किया सम्मान





**उज्जैन।** धन्वंतरि आयुर्वेद चिकित्सालय के माध्यम से न सिर्फ सरकारी योजनाओ की जानकारी अंतिम पंक्ति के परिवारों तक पहुंच रही है, बल्कि रोगी भी तेजी से स्वस्थ हो रहे हैं। आयुर्वेदिक प्रणाली अपनाने वाले तेजी से एलोपैथिक से दूर हो रहे हैं और परंपरागत आयुर्वेद का उपचार उन्हें रास आ रहा है। साथ ही अब महाविद्यालय का उन्नयन भी किया जाएगा। संभाग आयुक्त ने भविष्य की कई सारी योजनाओं पर प्रकाश डाला। शासकीय स्वशासी धन्वन्तरि आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय कार्यकारिणी समिति बैठक आज महाविद्यालय के कांफ्रेंस हाल में संभागायुक्त संजय गुप्ता की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

बैठक में प्रोफेसर स्थानीय महाविद्यालय डॉ. सिध्देश्वर सतुआ, प्रोफेसर एवं प्रभारी अधीक्षक स्थानीय महाविद्यालयीन चिकित्सालय डॉ. ओपी व्यास, डॉ. अजय किर्ती जैन, डॉ. नृपेन्द्र मिश्र, भारतीय चिकित्सा पद्धती राष्ट्रीय आयोग नई दिल्ली द्वारा नामित सदस्य डॉ. सुश्रुत कन्नोजिया, कलेक्टर रौशन कुमार सिंह, विशेष आमंत्रित सदस्य, संभागीय जनसंपर्क अधिकारी अरुण कुमार राठौर, मुख्य चिकित्सा एवं कार्यपालन अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल, संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा पवन चौहान आदि उपस्थित थे। बैठक में वित्तिय सत्र 2025-26 के अंतर्गत आय-व्यय पत्रक की संपुष्टी और जुलाई 2025 से मार्च 2026 तक संभावित आय-व्यय पत्रक की स्वीकृति की समीक्षा के दौरान संभागायुक्त ने कहा कि महाविद्यालय के विकास कार्यों को सीएसआर फंड के साथ साथ अन्य मदों से भी करवाया जाए। बैठक में वित्तीय वर्ष 2024 -25 की ऑडिट रिपोर्ट की समीक्षा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि सर्वाधिक ब्याज दर प्रदान करने वाली राष्ट्रीयकृत बेंक में फिक्स्ड राशि की एफडी करने के निर्देश दिए। नए कार्यों को सीएसआर फंड के साथ-साथ विधायक एवं सांसद निधि से भी एवं अन्य मदों से भी करवाया जाना सुनिश्चित करे। संस्था में कार्यरत शिक्षक देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों में पीएच.डी. हेतु रजिस्ट्रेशन पश्चात संस्था के चिकित्सालय में शोध कार्य करेंगे। उनको शोधावधी में एक बार राशी दस हजार रुपए शुल्क निर्धारित किए जाने का प्रस्ताव पारित किया गया। इसके अलावा संस्था की फार्मेसी में निर्मित एवं कच्ची औषधियों की सुरक्षा और गुणवत्ता के लिए 02 नग 1.5 टन के एसी के क्रय किए जाने और चिकित्सालय की भूमि की तुरंत फेंसिंग करवाए जाने के प्रस्ताव पर स्वीकृति दी गई। बैठक में संभागायुक्त संजय गुप्ता की अध्यक्षता में संस्था द्वारा की गई अभूतपूर्व प्रगति के कारण उन्हें संस्था व सदस्यों द्वारा शॉल, श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। बैठक का संचालन डॉ. जेपी चौरसिया ने किया तथा आभार प्रदर्शन नृपेन्द्र मिश्रा ने किया।

### बीएससी नर्सिंग पाठ्यक्रम प्रारंभ होगा

महाविद्यालय एवं चिकित्सालय में शव संरक्षण के लिए 2 नग डीप फ्रीजर क्रय किए जाने के प्रस्ताव पर अनुमोदन किया गया। संस्था में 30 सीट प्रवेश क्षमता के बीएससी नर्सिंग पाठ्यक्रम प्रारंभ करने के लिए भवन की पुताई, विद्युत जल व्यवस्था और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए राशि स्वीकृत की गई। महाविद्यालय के एमडी, एमएस स्नातकोत्तर छात्रों के शोध प्रारुप को अंतिम रुप देने के लिए गठित इथिकल कमिटी के बाह्य सदस्यों कि मानदेय राशि बढ़ाए जाने और टीए डीए के भुगतान के प्रस्ताव पर अनुमोदन किया गया। बैठक में चिकित्सालय में रोग निदान विभाग की नैदानिक प्रयोगशाला में पुरानी सेल काउंटर मशीन के स्थान पर नई मशीन क्रय करने पर संभागायुक्त ने स्वीकृति देते हुए कहा की नई मशीन उच्च गुणवत्ता के साथ आधुनिक तकनीक से लेस हो। चिकित्सालय में दंत रोग इकाई में दंत चिकित्सक का मानदेय बढाए जाने के प्रस्ताव पर कमेटी गठित कर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

# ड्रायवर ने लगाई फांसी, मरने से पहले बनाया मोबाइल से वीडियो

## पत्नी और प्रेमी के साथ सास को बताया जिम्मेदार, पुलिस मामले की जांच में जुटी



**उज्जैन। ड्रायवर ने रात में फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। फंदा गले में डालने से पहले मोबाइल से उसने वीडियो बनाया जिसमें पत्नी और उसके प्रेमी को मौत का जिम्मेदार बताया। वीडियो उसने बहन को भेजा। इंदौर से भाई उज्जैन पहुंचा। उससे पहले ड्रायवर की मौत हो चुकी थी।**



चिमनगंज थाना क्षेत्र की मंगल कॉलोनी में रहने वाला तनवीर पिता सत्तार 38 साल ड्रायवरी करता था। रात में भाई कादिर इंदौर से मंगल कॉलोनी पहुंचा तो उसने तनवीर को फंदे पर लटका पाया। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। रात में ही शव चरक अस्पताल लाया गया। आज सुबह भाई कादिर ने बताया कि तनवीर ने फांसी लगाने से पहले मोबाइल पर वीडियो बनाया था और अहमदाबाद में रहने वाली बहन रूबीना को भेजा था। बहन ने इंदौर कॉल कर तनवीर के वीडियो के बारे में बताया जिसमें वह आत्महत्या की बात कह रहा था। जिसके चलते वह उज्जैन पहुंचा था। तनवीर ने वीडियो में अपनी मौत का जि मेदार अपनी पत्नी और उसके प्रेमी सोनू निवासी लोहे का पुल के साथ सास को बताया। तीनों को सजा दिए जाने की बात कही। तनवीर का कहना था कि पत्नी और सोनू का प्रेम प्रसंग चल रहा है। पूर्व में दोनों ने साजिश रचकर उसे बेटी से ही अश्लील हरकत करने के मामले में जेल भिजवा दिया था। परिजनों ने बताया कि तनवीर की पत्नी आगर रोड नाके पर रहती है। चार बच्चे भी हैं। पिछले एक-डेढ़ माह से पत्नी बच्चों को लेकर मायके में रह रही है। पुलिस ने मर्ग कायम करने के बाद पोस्टमार्टम करवाया और मृतक ड्रायवर का मोबाइल जांच के लिए जब्त कर लिया। परिजनों के बयान दर्ज किए जाएंगे। वहीं पत्नी से भी पूछताछ होगी।

### इधर पेंटर गले में डाला मौत का फंदा

चिमनगंज क्षेत्र की ही गिरिराज रतन कॉलोनी में रहने वाला अर्जुन पिता शिवलाल पंवार पेंटरी का काम करता था। तीन माह पहले ही उसकी शादी हुई थी। दो दिन पहले पत्नी अंजू को मायके आगर छोड़कर आया और बीती शाम उसने फांसी लगा ली। परिजनों ने फंदे पर लटका देखा तो अस्पताल लेकर पहुंचे। परिजनों का कहना था कि अर्जुन को कोई परेशानी नहीं थी। उसने ऐसा कदम क्यों उठाया इसकी वजह पता नहीं है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है।

# रामघाट पर प्रधान आरक्षक पर विक्षिप्त ने किया हमला



**उज्जैन। सावन माह के प्रथम सोमवार पर निकलने वाली महाकाल की सवारी में सुरक्षा के लिये संभाग से पुलिसबल बुलाया गया था। रतलाम से आया प्रधान आरक्षक रामघाट पर विक्षिप्त के हमले का शिकार हो गया। उसे लहूलुहान हालत में चरक अस्पताल लाया गया।**

शाम 4 बजे चरक भवन इमरजेंसी कक्ष में लहूलुहान पुलिसकर्मी तालिब हुसैन को सहकर्मी लेकर पहुंचा था। सिर में गहरी चोंट होने पर डॉक्टरों ने उपचार करते हुए चार टांके लगाये। घायल पुलिसकर्मी ने बताया कि वह रतलाम यातायात में प्रधान आरक्षक के पद पर है। सावन माह का प्रथम सोमवार होने पर ड्यूटी करने आया था। रामघाट पर उसे तैनात किया गया था। दोपहर 3.30 बजे के लगभग महाकाल की पालकी पहुंचने से पहले ही श्रद्धालुओं की भीड़ लगना शुरू हो गई थी। इस बीच अचानक एक विक्षिप्त व्यक्ति ने पत्थर फेंकना शुरू कर दिया। भीड़ में अफरा-तफरी देख वह पहुंचा तो उस पर पत्थर से पागल ने हमला कर दिया। सिर में चोंट लगने पर भी उसने बमुश्किल विक्षिप्त को काबू में किया और अन्य पुलिसकर्मियों की मदद से महाकाल थाने लेकर पहुंचा। जहां से उसे उपचार के लिये चरक अस्पताल भेजा गया। प्रधान आरक्षक का कहना था कि वह उपचार के बाद रतलाम लौट रहा है। डॉक्टरों ने कुछ दिन आराम की सलाह दी है।

## एनसीसी शिविर में पीएम इंटर्नशिप-बेसिक कम्प्यूटर स्किल पर हुई विशेष कार्यशाला

**उज्जैन।** 10 म.प्र. बटालियन एन.सी.सी. उज्जैन द्वारा आयोजित एन.सी.सी कैम्प में सोशल सर्विस एंड कम्युनिटी डेवलपमेंट एक्टिविटी के अंतर्गत प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत बेसिक कम्प्यूटर स्किल विषय पर विशेष कार्यशाला का आयोजन कैम्प कमांडेंट कर्नल जी.पी. चौधरी (सेना मेडल) के नेतृत्व में किया गया। तकनीकी एवं व्यक्तित्व विकास के साथ फायरिंग और ड्रिल का प्रशिक्षण भी कैम्प के दौरान कैडेट्स को सैनिक अनुशासन, फायरिंग अभ्यास, मैप रीडिंग, परेड एवं अन्य ड्रिल की गहन ट्रेनिंग भी दी जा रही है। इससे कैडेट्स के आत्मविश्वास एवं टीम भावना को और मजबूती मिली है। इसी कैम्प में मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ डायरेक्टरेट टीम चयन में विभिन्न महाविद्यालयों और विद्यालयों के कैडेट्स ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर चयन प्राप्त किया। यह चयन राष्ट्रीय स्तर पर कैडेट्स को और अधिक उत्कृष्ट अवसर प्रदान करेगा। एमआईटी महाविद्यालय के आईटी डिपार्टमेंट एवं एआईडीएस डिपार्टमेंट में सफलतापूर्वक यह इंटर्नशिप संचालित की गई। कार्यशाला में प्रशासनिक व शैक्षिक नेतृत्व का उत्साहवर्धन-एमआईटी समूह के सचिव आदित्य वशिष्ठ ने इस प्रकार की इंटर्नशिप को कैडेट्स के लिए अत्यंत लाभकारी बताते हुए कहा कि तकनीकी ज्ञान वर्तमान समय की आवश्यकता है। एमआईटी समूह के वाइस चेयरमैन आकाश वशिष्ठ एवं महाविद्यालय के निदेशक डॉ. मुकेश शुक्ला ने भी संस्थान में इस प्रकार के कार्यक्रमों को निरंतर जारी रखने की इच्छा जताई। इस अवसर पर एआईडीएस की विभागाध्यक्ष डॉ. कमलेश आहूजा, सीएस के विभागाध्यक्ष प्रो. बलराम यादव एवं आईटी की विभागाध्यक्ष प्रो. रुचिका पचौरी भी उपस्थित रहे। संचालन मेजर डॉ. मोहन निमोले ने किया। इस अवसर सूबेदार बलविंदर सिंह, ट्रेनिंग जेसीओ सुबेदार दलजीत सिंह आदि मौजूद थे।

### फसल बीमा कराने के अंतिम 15 दिवस शेष

**उज्जैन ।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना खरीफ-2025 हेतु फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई तक है। फसल बीमा कराने के मात्र 15 दिवस शेष है। अत: किसान भाईयों से अनुरोध है कि, जिस बैंक से आपका किसान क्रेडिट कार्ड बना है, वहां जाकर फसल बुवाई प्रमाण-पत्र एवं पटवारी हल्के की जानकारी संबंधित बैंक में जाकर अद्यतन करावें। अऋणी व डिफाल्टर कृषक भाइयों से आग्रह है, कि अंतिम तिथि का इंतजार न करते हुए शीघ्र ही आपके पास की बैंक शाखा जैसे सहकारी बैंक, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक तथा राष्ट्रीयकृत बैंक एवं आपके ग्राम के नजदीक कामन सर्विस सेंटर पर जा कर फसल बीमा कराएं, ताकि आपकी फसलों का बीमा योजना के तहत हो सके। कृषक भाईयों से पुन:

## रिहेब सेंटर में भर्ती युवक की तबीयत बिगड़ने पर मौत

### राजगढ़ के सारंगपुर का रहने वाला था युवक

**उज्जैन। निर्माण नशामुक्ति केन्द्र रिहेब सेंटर में दो दिन पहले भर्ती हुए युवक की रात में अचानक तबीयत बिगड़ गई। उसे चरक अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मंगलवार सुबह पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाया है।**

राजगढ़ के सारंगपुर का रहने वाला देवेन्द्र पिता विष्णु शर्मा 37 वर्ष नशे का आदी था। दो दिन पहले परिजन उसे वेदनगर स्थित निर्माण नशामुक्ति केन्द्र लेकर आए थे। जहां नशामुक्ति के लिए उसे भर्ती किया गया था। लेकिन रात में अचानक देवेन्द्र की तबीयत बिगड़ गई। रिहेब संचालक अस्पताल लेकर पहुंचा जहां चरक भवन में डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। आज सुबह परिजनों ने बताया कि देवेन्द्र कम्प्यूटर सुधारने का काम करता था। उसके दो बच्चे हैं। नशे की आदत के चलते पत्नी उसे छोड़कर चली गई थी। नशे से दूर रखने के लिए उसे पूर्व में भी दो बार निर्माण नशामुक्ति केन्द्र में भर्ती कराया जा चुका था। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम किया गया है।

### दो रिक्शा की टक्कर में वृद्ध का कटा अंगूठा

उज्जैन। सोमवार सुबह खाकचौक क्षेत्र में दो रिक्शा के बीच टक्कर हो गई। एक रिक्शा में सवार वृद्ध के पैर का अंगूठा कट गया। वह अपना अंगूठा लेकर उपचार के लिए अस्पताल पहुंचा। दुर्घटना की जानकारी ड्यूटी क पाउण्डर ने पुलिस को दी। पंवासा में रहने वाले 50 वर्षीय सुरेश पिता कचरूलाल मालवीय को चरक अस्पताल लाया गया था। उसके पास अपने ही पैर का अंगूठा था। डॉ. जितेन्द्र शर्मा ने तत्काल उपचार शुरू किया। घायल सुरेश मालवीय ने बताया कि वह मजदूरी करता है। सुबह शिवांश सिटी मेडिकल कॉलेज के पास से ई-रिक्शा में सेंटिंग के पटिये लेकर वह आ रहा था। उसी दौरान पीछे से दूसरी ई-रिक्शा ने टक्कर मार दी जिसके चलते उसके पैर का अंगूठा कट गया। अभी घायल का चरक अस्पताल में उपचार चल रहा है।

**महाकाल मंदिर में ...** मंदिर में प्रतिबंध के बावजूद मोबाइल अंदर कैसे जा रहे, निजी सुरक्षा गार्ड क्या कर रहे


# महाकाल मंदिर में युवतियां मोबाइल से बना रही रील, पुजारी का विरोध

**नवभारत न्यूज**

**उज्जैन।** महाकाल मंदिर में श्रावण मास की भीड़ के बीच कई युवक-युवतियां मोबाइल से गलत रील बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर रहे हैं। इससे मंदिर की छवि खराब हो रही है।

मंदिर के महेश पुजारी ने इसका विरोध कर समिति से कार्रवाई की मांग की है। मंदिर में जब मोबइल प्रतिबंधित है तो लोग अंदर कैसे ले जा रहे हैं। भीड़ के बीच एक कपल मंदिर के शिखर के ठीक नीचे खड़े है और डांस करते हुए नजर आ रहे हैं। दोनों एक-दूसरे का हाथ पकड़कर नाच रहे हैं। आसपास मौजूद श्रद्धालु यह सब देख रहे हैं।

मंदिर में इस तरह के आचरण के वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करना ठीक नहीं है। इसी तरह एक अन्य वीडियो में एक युवती ने इंस्टाग्राम पर फोटो पोस्ट किया है, जिसमें वह मंदिर परिसर में अशालीन कपड़े पहने हुए नजर आ रही है। जबकि समिति ने श्रद्धालुओं के मोबाइल रखने के लिए लॉकरों की नि:शुल्क व्यवस्था कर रखी है।



महाकाल मंदिर समिति ने श्रावण में आने वाले कावड़ियों के लिए इंदौररोड त्रिवेणी स्थित नवग्रह शनि मंदिर के पास नि:शुल्क अन्नक्षेत्र लगा दिया है। प्रतिदिन दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक यहां पैदल आने वाले कावड़ यात्रियों के लिए भोजन की व्यवस्था है। ओंकारेश्वर, इंदौर से आने वाले कावड़िए यहां प्रसादी ले रहे हैं। समिति के अन्नक्षेत्र प्रभारी मनीष तिवारी ने बताया भोजन में सूखी सब्जी, पूरी और एक मीठा व्यंजन दे रहे है। श्रावण सोमवार को व्रत को ध्यान में रखते हुए फलाहारी खिचड़ी और चिप्स की भी व्यवस्था की गई

### चार विधानसभा अध्यक्षो ने श्री महाकालेश्वर भगवान के दर्शन किये



उज्जैन। भारत की चार विधानसभा के अध्यक्षों ने श्री महाकालेश्वर भगवान के दर्शन किए। जिसमें सिक्किम के मिंगम नोरबू, ओडिसा सुरमा पध्ये, हिमाचलप्रदेश के कुलदीप सिह पठानिया व राजस्थान के विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी व उनके प्रतिनिधि सम्मिलित थे। श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से सहायक प्रशासक शिवकांत पांडेय व आशीष दुबे द्वारा सभी अध्यक्ष महोदय का स्वागत व सत्कार किया।